>

Title : Need to enhance transparency in providing reserved rail tickets to passengers at Kisanganj district in Bihar and North Dinajpur district in West Bengal.

श्री मोहम्मद असरारुल हक़ (किशनगंज): बिहार प्रदेश के किशनगंज एवं पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिलों के यात्री एक लंबे अर्से से एक विचित्र किस्म की समस्या, जोकि वास्तव में अत्यंत गंभीर है, का सामना कर रहे हैं। यह समस्या है आरक्षित रेल टिकटों का अभाव। कोई भी साधारण नागरिक जब काउंटर पर तत्काल टिकट भी लेने जाता है तो उसे किसी भी सूरत में तत्काल कन्फर्म टिकट कभी नहीं मिलता है। वजह है - दलालों की सक्रियता। ऐसा लगता है कि दलालों ने संपूर्ण तंत्र पर कब्जा जमा लिया है जिसके परिणामस्वरूप साधारण नागरिकों को मजबूरी में वेटिंग टिकट लेना पड़ता है एवम् दुखद यात्रा का अनुभव करना पड़ता है।

रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि एक स्वच्छ एवं पारदर्शी व्यवस्था इस संबंध में कायम की जाए ताकि भोले-भाले यात्रियों को दलालों के चुंगल से बचाकर उन्हें आर्थिक एवं मानसिक शोषण का शिकार बनने से बचाया जा सके।